# सहारा | By Gaurav Kumar Verma

जानू बस मैं तेरा दर कोई दूजा दर मैं जानू ना
मांगू बस मैं तुमसे दाती और किसी से मांगू ना
मुझे तो बस तेरा मैया सहारा चाहिए
ना दूजा था ना दूजा है ना दूजा चाहिए

मन में मेरे लब पे मेरे नाम तेरा हो दातिए
झुके सदा सिर मेरा एक द्वार पे तेरे दातिए
मुझे तो बस तेरा मैया नज़ारा चाहिए
हूँ भटका मैं अंधेरो में उजाला चाहिए

दिल से भले ना लगाना मैया कदमो में रहने दे
जैसे भी रख मुझको तेरे पास तो रहने दे
मुझे तो बस तेरा मैया आसरा चाहिए
तेरे कदमो में मुझको माँ ठिकाना चाहिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-gaurav-kumar-verma/